जकुआर ग्रुप ने भिवाड़ी, राजस्थान में अपने मैनुफैक्चरिंग प्लांट के विस्तार के लिए 150 करोड़ रु. का निवेश किया

वीर अर्जुन संवाददाता

जयपुर। कंप्लीट बाथरूम सॉल्यूशंस कंपनी, जकुआर ग्रुप ने मैनुफैक्चरिंग फुटप्रिंट संगठित करके अपनी लीडरशिप की स्थिति को मजबूत किया है। यह समूह भिवाड़ी, राजस्थान में अपने मैनुफैक्चरिंग प्लांट के विस्तार के लिए 150 करोड़ रु. का निवेश कर रहा है। इस प्लांट के द्वारा उत्पादन शुरु हो जाने के बाद जकुआर ग्रुप दुनिया में सबसे बड़ी बाथ फिटिंग मैनुफैक्चरिंग सुविधाओं में से एक बन जाएगा, जिसकी उत्पादन क्षमता एक लाख बाथ फिटिंग प्रतिदिन की होगी।

अतुलनीय बाथिंग उत्पाद प्रदान करने के कंपनी के मिषन के अनुरूप, जकुआर ग्रुप की मैनुफैक्चरिंग सुविधाएं आधुनिक मशीनरी, ऑटोमेटेड प्रक्रियाओं से सुसज्जित है और ईको-फ्रेंडली एवं प्रदूशण मुक्त (जीरो वेस्टेज) मैनुफैक्चरिंग के ग्रुप के सिद्धांत का पालन करती हैं। इस विस्तार के द्वारा राजस्थान में कार्यबल एवं रोजगार निर्माण में वृद्धि होगी। इस अवसर पर राजेश मेहरा, प्रमोटर एवं डायरेक्टर, जकुआर ग्रुप ने कहा, ''राजस्थान हमेशा से जकुआर ग्रुप के लिए मुख्य बाजार है, फिर चाहे इसके विनिर्माण या इनोवेशन की बात हो, वितरण की या फिर सेल्स तथा स्टेकहोल्डर्स के साथ इंगेजमेंट की। भिवाड़ी में हमारी सुविधा के विस्तार के कदम से दुनिया के लिए भारत में विश्वस्तरीय उत्पाद निर्मित करने का समूह का विज़न प्रदर्शित होता है। इससे हमें वित्त वर्श 2017-18 तक 3500 करोड़ रु. का टर्नओवर हासिल करने में मदद मिलेगी।''यह समूह जयपुर, राजस्थान में ध्वजवाहक 9 मंजिला ओरिएंटेशन सेंटर का विकास भी कर रहा है। 'जीवन का वृक्ष' सिद्धांत से प्रेरित यह ओरिएंटेशन सेंटर पिंकसिटी के लिए सांस्कृतिक केंद्र तथा रचनात्मकता का संरक्षक होगा, जहां व्यक्ति सीखते हुए सामंजस्य के साथ अपने विचारों का निर्माण एवं विकास कर सकेगा। इस समय जकुआर ग्रुप के पास भारत में 22 ओरिएंटेशन सेंटर तथा सिंगापुर में 1 ओरिएंटेशन सेंटर है। ये ओरिएंटेशन सेंटर सामंजस्यपूर्ण वातावरण में आधुनिक बाथरूम कॉन्सेप्ट तथा उत्पाद प्रदर्शित करते हैं और साथ ही विशेषज्ञ सलाह, इंस्टॉलेशन में मदद, निशुल्क एस्टीमेशन तथा लाईव डेमो प्रदान करते हैं, ताकि आप अपना ड्रीम बाथरूम विज्युअलाईज़ करके निर्मित कर सकें। जकुआर ग्रुप इस उद्योग में मार्केट लीडर बन गया है और 'संपूर्ण बाथरूम समाधानों' के लिए वनस्टॉप समाधान के रूप में प्रसिद्ध हो गया है। ग्रुप की तकनीकी उत्कृष्टता से सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी के मापदंड सुनिष्चित होते हैं और श्रेश्ठ बाथरूम्स का अनुभव प्राप्त होता है।